दैनिक सवेरा TV
Wed, 06 November 2019
dainiksaveratimes.epapr.in/c/45416122

# अग्रवाल कालेज ने प्राप्त की सर जीन हैनरी ड्यूनॉट ट्रॉफी



यूथ रैडक्रॉस की गतिविधियों में अग्रवाल कालेज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए ।

बल्लभगढ़, 5 नवंबर (संदीप पराशर): महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की सत्र 20181-9 की यूथ रैडक्रॉस की गतिविधियों में अग्रवाल कालेज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कालेज के प्राचार्य डा. कृष्णकांत गुप्ता एवं वाई आरसी काऊंसलर डा. जयपाल सिंह को सर जीन हैनरी ड्यूनॉट ट्रॉफी से सम्मानित किया।

इस अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. डा. विजय के कायत भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कालेज की यूथ रैडक्रॉस की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष कार्य किए। इन इकाइयों ने पांच रक्तदान शिविर, तीन प्राथमिक चिकित्सा शिविर, दो जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर व दो एनीमिया उन्मूलन शिविर आयोजित किए। इसके अतिरिक्त समय-समय पर स्वास्थ्य वार्ता स्वास्थय जांच शिविर और राष्ट्रीय एकता दिवस, विश्व एड्स दिवस, पृथ्वी दिवस, जल संरक्षण दिवस, रैडक्रॉस दिवस आदि व सड़क सुरक्षा व आत्म रक्षा पर कार्यशालाओं का आयोजन किया था। जिसके लिए कालेज को लगातार दूसरे सत्र पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया है। समारोह में रैडक्रॉस संयोजक डा.जयपाल सिंह व सुभाष के साथ 35 स्वयंसेवक भी मौजूद थे।